भारी बर्फ में चलने वाला लड़का

मार्गरेट के. और चार्ल्स एम. वेटेरर

चित्र: मैरी ओ'कीफ यंग

भारी बर्फ में चलने वाला लड़का

मार्गरेट के. और चार्ल्स एम. वेटेरर

चित्र: मैरी ओ'कीफ यंग

लेखक का नोट

मार्च 1888 में तीन दिनों तक पूरे पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका में बर्फ़ीला तूफ़ान आया. भयानक बर्फबारी ने मेन से मैरीलैंड तक की ज़मीन को सफ़ेद बर्फ से दफ़न कर दिया. सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई और सैकड़ों यात्री ट्रेनें भारी बर्फबारी के कारण कई दिनों तक फंसी रहीं. हवाएँ, 80 मील प्रति घंटे से अधिक तेज़ थीं. उससे खिड़कियाँ टूट गईं. बाड़ें, छतें और साईन-बोर्ड उखड़ गए, और पेड़ और खंभे गिर गए. हजारों पक्षी झाड़ियों और इमारतों से, जहाँ वे आश्रय लिए के लिए एकत्र हुए थे, जम कर गिर पड़े. हवा, बर्फ़ और बर्फबारी के दबाव में मीलों लंबे टेलीफोन और टेलीग्राफ के तार टूट गए. शहर और कस्बे, खेत और परिवार एक-दूसरे से कट गये. कुछ समय के लिए, वाशिंगटन डी.सी. में सरकार का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया. समुद्र में, तेज़ हवाओं और लहरों से अनगिनत नावें क्षतिग्रस्त हुईं और उनमें से दो सौ से अधिक नावें डूब गईं.

जब तूफ़ान आया तब मिल्टन डब 12 वर्ष के थे. वो और उसका परिवार ब्रोंक्स में रहते थे. ब्रोंक्स शहर कुछ साल पहले ही न्यूयॉर्क शहर का हिस्सा बना था. उस समय, ब्रोंक्स के उत्तर में मीलों तक फैले खेत थे और वो एक छोटा व्यावसायिक और आवासीय केंद्र था. डब्स का दो मंजिला लकड़ी का फ्रेम हाउस 145वीं स्ट्रीट, एक चौड़ी गंदगी वाली सड़क के सामने था. मिल्टन पाँच बच्चों में सबसे बड़ा था. उसकी दो बहनें, एला और हन्ना और दो छोटे भाई, मौरिस और जेरोम थे.

यह उस भयानक तूफ़ान में मिल्टन डब की साहसिक यात्रा की कहानी है, जिसे 1888 के बर्फ़ीले तूफ़ान के नाम से जाना जाता है.

सोमवार, 12 मार्च, 1888

धड़ाम!

आवाज़ ने मिल्टन को झकझोर कर जगा दिया.

तेज़ हवा ने खिड़की को हिलाकर रख दिया.

मिल्टन बिस्तर से उछल पड़ा

और उसने पर्दों को एक ओर धकेल दिया.

उसके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी. बर्फ!

हर जगह बर्फ थी.

उसने देखा कि मेपल के पेड़ से

एक विशाल शाखा टूट गयी थी.

अब हवा उस शाखा को, यार्ड के पार

पागलों की तरह उछाल रही थी.

मिल्टन ने जल्दी से अपने स्कूल के कपड़े पहने

और वो नीचे की ओर भागा.

सभी खिड़कियाँ बर्फ़ से ढँक गईं थीं.

हॉल और पार्लर में भी अंधेरा था.

रसोई में, माँ ने मिट्टी के तेल का लैंप जलाया था.

सब लोग नाश्ता कर रहे थे,

यहाँ तक कि शिशु जेरोम भी

अपनी ऊँची कुर्सी पर बैठा था.

"माँ! आपने मुझे जगाया क्यों नहीं किया?" मिल्टन ने पूछा.

"साढ़े सात बज गए हैं. आज मुझे स्कूल के लिए देरी हो जाएगी."

"तुम आज स्कूल नहीं जा पाओगे," माँ ने उत्तर दिया.

"देखो बर्फ की एक दीवार ने मेन दरवाज़ा तक बंद कर दिया है."

"आज हम सब घर पर ही रहेंगे," उसके पिता ने कहा.

"उस तूफ़ान में बाहर जाना बेहद ख़तरनाक होगा."

"हमारे पास बहुत सारा खाना है,"
आइसबॉक्स की जाँच करने के बाद माँ ने कहा.

"काश हमारे पास कुछ और दूध होता."

"मैं जाऊंगा और कुछ दूध खरीदकर लाऊंगा,"
मिल्टन ने पेशकश की.

"मूर्ख मत बनो, मिल्टन!" उसके पिता ने चिल्लाकर कहा.

“देखो बर्फ पहले ही दूसरी मंज़िल तक चढ़ चुकी है.
तुम उसमें दबकर दफन हो जाओगे.”

लेकिन मिल्टन ने जोर देकर कहा,

"मैं अपने बर्फ के जूते (स्नोशूज़) पहन कर जा सकता हूं."

"और तुम्हें स्नोशूज़ कहां से मिलेंगे?" उसके पिता ने पूछा.

"हम उन्हें बना सकते हैं," मिल्टन ने उत्तर दिया.

“आजकल स्कूल में, हम अलास्का क्षेत्र का अध्ययन कर रहे हैं.

मेरी भूगोल की किताब में स्नोशूज़ की तस्वीरें हैं.

मुझे यकीन है कि हम एक जोड़ी स्नोशूज़ खुद बना पाएंगे.

क्या हम कोशिश करें, पापा? कृपया?"

उसके पिता हँसे. "ठीक है, बेटा. पहले अपना दलिया खाओ,"
उन्होंने कहा.

"फिर हम तुम्हारे लिए कुछ स्नोशूज़ बनाने की कोशिश करेंगे."

नाश्ते के बाद, मिल्टन और उसके पिता ने काम शुरू किया.

उन्होंने लकड़ी के बैरल वाले छल्ले, पतली लकड़ियों की
पट्टियों का उपयोग किया.

उन्होंने तार, मज़बूत रस्सी और

रोलर स्केट्स की एक पुरानी जोड़ी के

निचले भाग का उपयोग किया.

रोलर स्केट्स के पहियों को निकाल दिया.

आख़िरकार, लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद,

स्नोशूज़ आज़माने के लिए तैयार हुए.



उसके बाद सभी लोग

ऊपर के छोटे शयनकक्ष में इकट्ठे हुए.

मिल्टन ने स्वेटर, ओवरकोट पहना,

एक ऊनी टोपी, एक मफलर, और दस्ताने पहने.

पिताजी ने उसके पैरों पर

स्नोशूज़ का पट्टा बाँधने में मदद की.

फिर उन्होंने अपने बेटे की कमर में एक रस्सी बांधी.

“ठीक है, मिल्टन. मैं रस्सी पकड़े रहूँगा

जब तक हम आश्वस्त नहीं हो जाते

कि तुम्हारे स्नोशूज़ काम कर रहे हैं," उन्होंने कहा.

"अगर तुम बर्फ में डूबने लगोगे तो मैं तुम्हें वापस खींच लूंगा."

फिर उन्होंने खिड़की खोली.

तेज़ हवा कमरे में बर्फ उड़ाकर लाई.

लड़कियाँ चिल्ला उठीं.

माँ ने जेरोम को अपने शॉल से ढक दिया.

मिल्टन ने अपनी टोपी कानों के ऊपर खींच ली

उसका मफलर उसके मुँह पर था.

वो चाहता था कि उसके पास अलास्का के लोगों का अंगरखा - पार्का होता.

उसने पहला कदम उठाया,

फिर दूसरा, फिर तीसरा.

उसे अपने दोनों पैर अलग-अलग रखने पड़े.

अन्यथा, वो दूसरे स्नोशू पर पैर रख देता.

और फिर वो चल नहीं पाता.

मिल्टन बर्फ़ में कई बार

खिड़की के बाहर ऊपर-नीचे चढ़ा.

आख़िरकार, उसके पिता ने सिर हिलाया.

स्नोशूज़ काम कर रहे थे.

मिल्टन ने पेट से बंधी डोरी खोल दी.

उसके पिता ने उसे एक स्लेज दी

जिस पर एक लकड़ी का बक्सा फिट था.

पापा ने चेतावनी दी, "सड़क के निशानों पर नज़र रखना ताकि तुम खो न जाओ."

"कृपया सावधान रहना," उसकी माँ ने पुकारा.

मिल्टन तेज़ हवा की ओर झुका.

उसने स्नोशू पहनकर सामने वाला आँगन पार किया

फिर वो बगीचे की बाड़ के ऊपर गया.

हवा के कारण कुछ स्थानों पर सड़क साफ हो गई थी.

वहां सड़क पर बर्फ दिखाई दे रही थी.

कई स्थानों पर मिल्टन को बर्फ के टीलों पर चढ़ना पड़ा.

कुछ बहाव हिमखंडों जितने कठोर थे.

कुछ लोग उसके पैरों के नीचे हिल रहे थे.

कभी-कभी हवा के झोंके

गिरी हुई बर्फ को इकट्ठा करके

उन्हें वापस हवा में उछाल देते थे.

जब ऐसा होता था, तब मिल्टन ने कुछ भी दिखाई नहीं देता था,

तब उसके चारों ओर केवल सफेद बर्फ घूमती थी.

जिन घरों के से वो गुजरा, वो उन्हें मुश्किल से ही पहचान पाया.

बर्फ के ढेरों में हर चीज़ बहुत अलग लग रही थी

बर्फ के टुकड़े हर जगह लटके हुए थे.

मिल्टन उस स्थान पर पहुंचा जहां उसे लगा कि

माइक ऐश की किराने की दुकान होनी चाहिए थी.

सबसे पहले, वो दुकान को ढूंढ नहीं पाया.

दुकान का साईन-बोर्ड उड़ गया था,

और उसके दरवाज़े और खिड़कियाँ बर्फ़ से ढँके थे.

फिर वो बर्फ़ के टीले पर चढ़ा

और उसने खिड़की पर थपथपाया

दुकान के ऊपर ही ऐश परिवार का अपार्टमेंट था.

मिल्टन ने उड़ जाने से बचने के लिए

खिड़की का किनारा पकड़ लिया.

मिस्टर ऐश ने खिड़की को थोड़ा सा खोला.

"मिल्टन! तुम इस तूफ़ान में क्या कर रहे हो?"
मिस्टर ऐश चिल्लाए.

"तुम यहाँ कैसे पहुंचे?" मिस्टर ऐश का बेटा मिकी
जानना चाहता था.

"मेरी माँ को दूध की ज़रूरत है, मिस्टर ऐश,"
मिल्टन मुस्कुराहट के साथ चिल्लाया.

"क्या तुम्हें मेरे स्नोशूज़ पसंद आए, मिकी?"

किराने वाले ने कहा, "आज ताजा दूध नहीं आया है,
मिल्टन."

"चाहो तो मैं तुम्हें गाढ़ा डिब्बा-बंद दूध दे सकता हूँ."

मिल्टन ने उन्हें पचास सेंट दिये.

मिस्टर ऐश नीचे दुकान में गये.

वो पाँच डिब्बे दूध लेकर लौटे.

मिकी ने खिड़की से बाहर झुककर देखा.

वो मिल्टन के स्नोशूज़ को बेहतर ढंग से देखना चाहता था.

तुरंत, मिस्टर ऐश ने मिकी को वापस अंदर खींच लिया

और खिड़की बंद कर दी.

मिल्टन ने अपना मफलर अपने चेहरे पर खींचा
और वो घर के लिए चल पड़ा.

तभी एक पड़ोसी जो अपनी ऊपरी मंजिल की
खिड़की से देख रहा था चिल्लाया,

"बेटा, क्या मैं तुमसे कुछ दूध खरीद सकता हूँ?"

मिल्टन ने उसे एक दूध का डिब्बा दे दिया.

उसने दस सेंट मांगे, लेकिन महिला ने जोर देकर उसे
पच्चीस सेंट दे दिए.

फिर दूसरे पड़ोसी ने उसे बुलाया.

फिर तीसरे ने.

जल्द ही मिल्टन ने दूध के सभी डिब्बे बेच दिये.

वो स्नोशू पहनकर वापस मिस्टर ऐश की दुकान पर गया और उसने कुछ और दूध के डिब्बे खरीदे.

लेकिन फिर, लगभग हर घर से लोग दूध खरीदने के लिए चिल्लाए.

जब वो अपनी स्लेज को वापस ऐश की दुकान की ओर खींच रहा था,

तब मिल्टन ने अपने दिमाग में अलास्का के कुत्तों का चित्रण किया.

उसने सोचा, शायद वो और उसके पिता मिलकर एक कुत्ते वाली गाड़ी (डॉग-स्लेज) बना सकते थे.

जब वो दुकान पर वापस आया,

तब उसने डिब्बा-बंद दूध की पूरी एक पेटी खरीदी.

उसने उन पैसों का उपयोग किया जो लोगों ने उसे दिये थे.

उसने वो सारा दूध अन्य पड़ोसियों को बेच दिया.

अब तक, पड़ोस के आधे बच्चे उसके स्नोशूज़ देख चुके थे
और उनकी प्रशंसा कर रहे थे.

जब मिल्टन ने उसके बारे में सोचा तो वो मुस्कुराया.

लोग कितने आश्चर्यचकित होते

यदि वो एक कुत्ते की स्लेज पर सवार होकर आया
होता.

उसने कल्पना की कि वो खुद

आस-पड़ोस के सारे कुत्तों के साथ तूफ़ान में बाहर था

और बाकी दुनिया के सभी भागों में

बर्फबारी हो रही थी.

तभी कारखाने में दोपहर की सीटी बजी.

मिल्टन को आश्चर्य हुआ.

वो लगभग दो घंटे तक बाहर रहा था

लेकिन उसे इसका कोई अंदाज़ नहीं था.

फिर वो तुरंत घर के लिए निकल पड़ा.

बर्फ उसके कपड़ों पर अच्छी तरह चिपकी थी.

हवा से उड़े बर्फ के टुकड़ों ने उसे डंक मारा और उसकी आँखें और नाक लाल कर दीं.

ठंड से उसके पैर की उंगलियों में दर्द होने लगा.

लेकिन जब मिल्टन अपने पीछे स्लेज खींचकर स्नोशू पहनकर अपने घर की ओर जा रहा था तो वो असल में काफी खुश था.

घर वापस आने में मिल्टन के पिता ने बैडरूम की खिड़की से अंदर आने में उसकी मदद की.

"तुम्हें इतनी देर क्यों हुई?" उन्होंने पूछा.

"हमें तुम्हारी बहुत चिंता हो रही थी," उसकी माँ ने कहा.

"मुझे माफ़ करें, माँ. मैंने तमाम पड़ोसियों को दूध लाकर दिया," मिल्टन ने कहा.

फिर उसने अपनी जेबों से सिक्के और नोट निकाले.

"मिल्टन! तुमने लोगों से दूध की कितनी कीमत ली?" उसकी माँ ने पूछा.

"दस सेंट," मिल्टन ने कहा.

"लेकिन लोगों ने प्यार से मुझे और पैसे दिए."

दोपहर के भोजन के बाद, मिल्टन ने फिर से बाहर जाने की विनती की.

"सच कहूँ, माँ, मैं ज्यादा दूर नहीं जाऊँगा," उसने कहा.

"सुबह मुझे बहुत मज़ा आया.

और भी बहुत से लोग हैं जिन्हें दूध की जरूरत होगी.

पापा, इन स्नोशूज़ के साथ मैं सुरक्षित रहूंगा."

पापा ने मम्मी की तरफ देखा.

"ठीक है," पापा एक मिनट बाद सहमत हुए.

"लगता है स्नोशूज़ ने अच्छा काम किया है.

लेकिन अंधेरा होने से पहले ही घर वापिस आना.

शाम पाँच बजे से पहले."

"मिल्टन, तुम इन्हें पहन लो," माँ ने कहा.

फिर माँ ने उसे तीन जोड़ी ऊनी मोज़े दिए.

"मैं नहीं चाहती कि तुम्हारे पैर बर्फ से ज़ख़्मी हों."

मिल्टन को उन सभी स्टॉकिंग्स के ऊपर फिट होने के लिए अपने पिता के पुराने जूते पहने.

उसके बाद मिल्टन फिर से खिड़की के माध्यम से दुबारा बर्फ़ीले तूफ़ान में चला गया.

अपनी कल्पना में, उसे लगा जैसे वो अलास्का में वापस आ गया हो.

तीन बजे तक, मिल्टन ने मिस्टर ऐश की दुकान का सारा दूध खरीद लिया और बेच दिया.

फिर उसने विलिस एवेन्यू पर चार ब्लॉक दूर रोच की किराना दुकान तक जाने का फैसला किया.

रास्ते में, मिल्टन ने खाली घोड़ा वैगनों और गाड़ियाँ को पार किया.

सभी गाड़ियाँ बर्फ में दबी हुई थीं.

सड़क पर झूल रहे एक टूटे हुए टेलीग्राफ के खंभे से बचने के लिए उसने एक अलग रास्ता लिया.

उसने सोचा - क्या अलास्का वासियों को अपनी अकेली यात्राओं में कभी-कभी ख़तरे का भी सामना नहीं करना पड़ता होगा?

क्या उन्हें भेड़ियों और ध्रुवीय भालूओं से सावधानी बरतनी पड़ती होगी?

रोच की किराने की दुकान बर्फ से ढकी हुई थी.

मिस्टर रोच, मिल्टन को अपने अपार्टमेंट की खिड़की के बाहर देखकर आश्चर्यचकित रह गए.

लेकिन वो अपने किराने की दुकान से दूध की एक बड़ी पेटी लाए और उन्होंने वो मिल्टन को दे दी.

जैसे ही मिल्टन ने बर्फ पर अपनी स्लेज खींची,

उसे अपना दाहिना स्नोशू कुछ ढीला महसूस हुआ.

उसके कुछ तार टूट गए थे.

उसने बर्फ़ीली उंगलियों से उन टूटे हुए तारों को घुमाया.

उसने फैसला किया, कि वो दूध की पूरी पेटी बेचकर ख़त्म करेगा,

और फिर स्नोशू के टूटने से पहले घर की ओर प्रस्थान करेगा.

मिल्टन ने आखिरी दूध का डिब्बा भी बेच दिया.

तभी तीसरी मंजिल की खिड़की से एक महिला ने उसे आवाज दी.

"बेटा," महिला ने कहा, "क्या तुम कृपया करके मेरे लिए दवा की दुकान पर जाओगे?

मेरे पति बीमार हैं. उन्हें दवा की सख्त जरूरत है."

फिर महिला ने कपड़ों के क्लिप में फंसाकर एक कागज की पर्ची नीचे फेंक दी.

वो हवा में घूमी लेकिन मिल्टन ने वो पकड़ ली.

वो डॉक्टर का नुस्खा था.

उसने खुद से कहा, दवा देने के बाद मैं फिर सीधे घर चला जाऊंगा.

"रुको," महिला ने पुकारा.

"मैं तुम्हें कुछ पैसे दूँगी."

लेकिन मिल्टन ने पैसों का इंतजार नहीं किया.

उसने अपने टूटे हुए स्नोशू के बारे में भी नहीं सोचा.

वो सीधे मैककेन की दवा की दुकान की ओर चला.



मिल्टन को स्टोर के ऊपर वाले अपार्टमेंट की खिड़की से झाँकते देख मिसेज़ मैककेन चौंक गईं.

फिर उन्होंने अपने पति को बुलाया. उन्होंने नुस्खा लिया और वो तेजी से नीचे दुकान में गए.

जल्द ही, वो एक छोटा पैकेज लेकर वापस आए.

"जितनी जल्दी हो सके इसे बीमार आदमी तक पहुँचाओ," उन्होंने आग्रह किया.

"इसकी कीमत कितनी है?" मिल्टन ने पूछा.

"कोई भी कीमत नहीं," मिस्टर मैककेन ने उत्तर दिया.

"जो कोई भी इस तरह के तूफान में बाहर आता है उसे दवा के पैसे नहीं देने पड़ते हैं."

मिल्टन महिला के घर वापस गया.

उसे अपना दाहिना स्नोशू फिर से ढीला होता हुआ महसूस हुआ.

उसका एक और तार टूट गया था.

अब मुझे घर जाना होगा, उसने घबराते हुए सोचा.

स्नोशूज़ के बिना, मैं अपने सिर के ऊपर तक बर्फ़ में डूब सकता हूँ.

मैं बर्फ़ के बहाव में जम सकता हूँ.

जिस महिला के पति को दवा की ज़रूरत थी,
वो मिल्टन का इंतज़ार कर रही थी.

महिला ने डोरी से एक डिब्बा नीचे लटकाया ताकि मिल्टन दवाई ऊपर भेज सके.

"दवा कितने की थी?" महिला ने पूछा.

"कोई कीमत नहीं," मिल्टन चिल्लाया.

नीचे के अपार्टमेंट से एक महिला ने खिड़की खोली.

"बेटा," उसने विनती की, "क्या तुम कृपया करके मेरे लिए दुकान पर जाओगे? हमारे घर में बिलकुल खाना नहीं है."

ठीक है, मिल्टन ने सोचा.

मैं इस महिला के लिए खाना लाऊंगा और फिर अपने घर जाऊंगा.

मिल्टन ने खरीदारी की सूची और पैसे लिए.

वो वापस रोच के स्टोर की ओर गया.

उसने अपना मफलर इस प्रकार बाँधा कि केवल
उसकी आँखें ही दिखाई दें.

फिर भी, जैसे ही उसने बर्फ की लहरों को पार किया,
बर्फीले टुकड़े उड़कर मफ़लर के अंदर आ गये.

उन्होंने उसकी नाक और गालों पर वार किया.

उसने उस महिला और उसके बीमार पति के बारे में सोचा.

क्या उन्हें भी भोजन की आवश्यकता होगी?

"कृपया एक महिला का यह ऑर्डर दें," मिल्टन ने कहा.

"और, मिस्टर रोच, क्या आप मेरे लिए भी वही ऑर्डर बनाएंगे?"

जब मिल्टन ने किराने का सामान दिया,

तब महिला ने उससे बाकी पैसे अपने पास रखने को कहा.

"धन्यवाद," मिल्टन ने कहा.

"किराने के सामान का दूसरा बैग ऊपर वाली महिला के लिए है.

उनसे कहें मुझे आशा है कि उनके पति जल्द ही बेहतर हो जायेंगे."

"भगवान तुम्हें आशीर्वाद दे, बेटा," महिला ने कहा.

इस समय चार बज चुके थे.

मिल्टन ने जल्दी से घर जाने की कोशिश की.

लेकिन अब उसके दोनों स्नोशूज़ डगमगा रहे थे.

बाएँ वाले में कुछ टूटे हुए तार थे.

वो उन्हें वापस मोड़ सकता था.

लेकिन उसका दाहिना स्नोशू टूट रहा था.

उसने उस पर यथासंभव हल्के-हलके ही कदम रखा.

जल्द ही उन अजीब क़दमों से उसके पैरों में दर्द होने लगा.

तभी एक जमा हुआ पक्षी पेड़ से गिरा

और उसके कंधे पर आकर पड़ा.

मिल्टन ने अपने दाहिने स्नोशू पर ज़ोर से

कदम रखते हुए छलांग लगाई.

उससे एक और तार टूट गया.

अचानक, मिल्टन को डर लगने लगा. वो बिल्कुल अकेला था.

उसने पूरे तूफ़ान में किसी अन्य व्यक्ति को बाहर नहीं देखा था.

क्या होगा अगर अगर वो स्नो के बहाव में डूब गया और गायब हो गया?

किसी को पता तक नहीं चलेगा कि वो वहां था.

हवा के तेज़ झोंके ने गिरी हुई स्नो के बादल को उड़ा दिया.

कई सेकंड तक, मिल्टन मुश्किल से देख पाया या सांस ले पाया.

अंधेरा हो चला था.

वो वास्तव में कहाँ था?

उसे घर पहुंचना था.

इसलिए वो आगे बढ़ता गया.

वो गर्म रहने के लिए पर्याप्त तेजी से आगे नहीं बढ़ पाया.

वो अब ठंड से कांपने लगा.

आख़िरकार, मिल्टन ने अपनी सड़क को पहचान लिया.

सामने ही उसका घर था.

उससे उसका हौसला बुलंद हुआ.

उसे लगा जैसे कोई अलास्कावासी एक खतरनाक यात्रा से वापिस लौटकर आया हो.

उसने खिड़की पर अपनी बहन हन्ना के लाल बालों को देखा.

फिर उसने पूरे परिवार को देखा.

वे मुस्कुराए और उन्होंने हाथ हिलाया.

आख़िरकार, मिल्टन बर्फ़ के बहाव में संघर्ष करते हुए अपने बैडरूम की खिड़की तक पहुँचा.

मिस्टर डब ने उसे देहलीज के ऊपर से उठाया और स्लेज को अपने पीछे खींच लिया.

“तुम थके हुए लग रहे हो, बेटा,” उन्होंने कहा.

"हाँ, पापा, मैं बहुत थका हूँ," मिल्टन ने उत्तर दिया.

उसने सिक्कों और नोटों से अपनी जेबें खाली कर दीं और गर्व से उन्हें अपनी माँ को सौंप दिया.

पापा ने उसके स्नोशूज़ खोल दिये.

"भगवान का शुक्र है कि तुम घर पर सुरक्षित आ गए," माँ ने टूटे हुए स्नोशूज़ को देखकर कहा.

"मुझे तुम्हें कभी जाने नहीं देना चाहिए था."

उन्होंने मिल्टन को उसके बर्फ से ढके कपड़े उतारने में मदद की.

फिर मिल्टन ने अपनी नाइटशर्ट पहनी और बिस्तर पर लेट गया.

माँ उसके लिए गर्म खाना लेकर आई.

मिल्टन ने थोड़ा सा ही खाया.

फिर वो सो गया, भले ही अभी शाम के सिर्फ छह ही बजे थे.

पूरी रात और अगले दिन तक बर्फ़ गिरती रही.

आख़िरकार बुधवार को तूफ़ान ख़त्म हुआ.

साउथ ब्रोंक्स में लोग बर्फ के पहाड़ों के नीचे से खुदाई करके बाहर निकले.

सभी लोग उस लड़के के बारे में बात करने लगे जो बर्फ के भीषण तूफ़ान में चला था.

उसने बर्फ़ीले तूफ़ान में भी अपने पड़ोसियों की बहुत मदद की थी.

कई लोग मिल्टन को धन्यवाद देने के लिए उसके घर आए.

एक महिला उसे पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकी.

उसने कहा, मिल्टन ने न केवल उसे दूध दिया पर साथ में बहुत आवश्यक भोजन भी दिया.

मिल्टन ने उसके पति की जान बचाने में मदद की थी.

अंत के शब्द

1888 के बर्फ़ीले तूफ़ान ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो सौ से अधिक वर्षों के बाद भी अभी नहीं टूटा है. उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका में, इतने बड़े क्षेत्र में इतनी भारी बर्फबारी फिर कभी नहीं देखी गई. क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर हवा की गति, बर्फ का स्तर और कम तापमान का रिकॉर्ड अभी भी कायम हैं. शीतदंश, थकावट और गिरने से चोटों से पीड़ित कई लोगों के अलावा, तूफान के दौरान चार सौ से अधिक लोग मारे गए. इससे पहले या उसके बाद कभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका में बर्फ़ीले तूफ़ान ने इतने लोगों की जान नहीं ली. उस तूफ़ान की कहानियाँ अब अमेरिकी लोककथाओं का हिस्सा बन गईं.

मिल्टन डब, उनका परिवार और उनके पड़ोसी 1888 के महान बर्फ़ीले तूफ़ान के दौरान बर्फ़ पर चलने वाले लड़के को कभी नहीं भूले.

अंत